उत्तर प्रदेश शासन
लोक निर्माण अनुभाग-5
संख्या-125/2021/975/23-5-21-67(10)ईजी/04टीसी
लखनऊ : दिनांक 18 नवम्बर, 2021

कार्यालय - ज्ञाप

भारतीय सड़क कांग्रेस के 81वें वार्षिक अधिवेशन को दिनांक 15 से 20 अप्रैल, 2022 तक लखनऊ, उ0प्र0 में आयोजित किये जाने के लिये शासनादेश सं0-114/2021/672/23-5-21-67(10)ईजी/04टीसी, दिनांक 07.10.2021 द्वारा Steering Committee के सदस्यों एवं Local Organising Secretary को नामित किया गया है।

2- इस सम्बन्ध में प्रमुख अभियन्ता(विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लो0नि0वि0, लखनऊ के पत्रांक-155/13प्रशि0(टी0सी0)/बी0डी0डी0-12/2008, दिनांक 08.11.2021 द्वारा उक्त कमेटी में अधिवेशन कार्यों, आई0आर0सी0, नई-दिल्ली से अनुश्रवण कार्य के लिये विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में श्री संदीप कुमार, मुख्य अभियन्ता(स्तर-1), सहारनपुर क्षेत्र, लो0नि0वि0, सहारनपुर को नामित किये जाने का अनुरोध किया गया।

3- अतएव इस सम्बन्ध में सम्यक विचारोपरान्त भारतीय सड़क कांग्रेस के 81वें वार्षिक अधिवेशन कार्य हेतु पूर्व में निर्गत उक्त शासनादेश दिनांक 07.10.2021 के क्रम में आई0आर0सी0, नई-दिल्ली से अनुश्रवण हेतु विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में **श्री संदीप कुमार, मुख्य अभियन्ता(स्तर-1), सहारनपुर क्षेत्र, लो0नि0वि0, सहारनपुर** को एतदद्वारा नामित किया जाता है।

महेश कुमार
विशेष सचिव।

संख्या:-125/2021/975(1)/23-5-2021तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महासचिव, भारतीय सड़क कांग्रेस, कामा कोटि मार्ग, आर0के0 पुरम, नई-दिल्ली को उनके पत्र सं0-आई0आर0सी0-5(2)/2019, दिनांक 18.08.2021 के क्रम में।

2- प्रमुख अभियन्ता(विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लो0नि0वि0, लखनऊ को उनके उपर्युक्त विषयक पत्र दिनांक 08.11.2021 के संदर्भ में इस आशय से प्रेषित कि कृपया विषयगत कमेटी के सदस्यों को अपने स्तर से उक्तानुसार अवगत कराने का कष्ट करें।

3- गार्ड बुक।

आज्ञा से,
नीरजा सक्सेना
उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in